पुuना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

# *Class-IV*

# *HINDI*

# *Specimencopy*

# *Term I*

# *2022-23*

# <u>व्याकरण विभाग</u>

| क्रम | माह | पाठ का नाम | ऐक्टिविटी |
|---|---|---|---|
| 01 | अप्रैल | पाठ - 1 - भाषा<br>पाठ - 2 - शब्द और वाक्य | |
| 02 | जून | पाठ - 3 - संज्ञा | संज्ञा का चित्र बनाओ उदाहरण सहित । |
| 03 | जुलाई | पाठ - 4 - सर्वनाम | |
| 04 | अगस्त | पाठ - 5 - एकवचन - बहुवचन, विलोम शब्द<br><br>पाठ - 6 - लिंग, पर्यायवाची शब्द | चार्ट पेपर की सहायता से विलोम शब्द केचित्र बनाओ। |
| 05 | सितंबर | पाठ - 7 - मुहावरे | |

# पाठ - 1 भाषा

- **भाषा किसे कहते हैं?**

भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य बोलकर, सुनकर, लिखकर व पढ़कर अपने मन के भावों या विचारों का आदान-प्रदान करता है।

- **भाषा के प्रकार**

भाषा के तीन रूप होते है-

(1) मौखिक भाषा

(2) लिखित भाषा

(3) सांकेतिक भाषा।

**(1) मौखिक भाषा** - भाषा का वह रूप जिसमें एक व्यक्ति बोलकर विचार प्रकट करता है और दूसरा व्यक्ति सुनकर उसे समझता है, मौखिक भाषा कहलाती है।

**उदाहरण:** टेलीफ़ोन, दूरदर्शन, भाषण, वार्तालाप, नाटक, रेडियो आदि।

**(2) लिखित भाषा -** भाषा का वह रूप जिसमें एक व्यक्ति अपने विचार या मन के भाव लिखकर प्रकट करता है और दूसरा व्यक्ति पढ़कर उसकी बात समझता है, लिखित भाषा कहलाती है।

**उदाहरण:** पत्र, लेख, पत्रिका, समाचार-पत्र, कहानी, जीवनी आदि।

**(3) सांकेतिक भाषा -** जब संकेतों (इशारों) द्वारा बात समझाई और समझी जाती है, तब वह सांकेतिक भाषा कहलाती है।

**जैसे-** चौराहे पर खड़ा यातायात नियंत्रित करता सिपाही, मूक-बधिर व्यक्तियों का वार्तालाप आदि।

# पाठ - 2 शब्द और वाक्य

- **शब्द किसे कहते हैं?**

**उत्तर :** दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

- **शब्द के दो भेद हैं।**

(1) सार्थक शब्द

(2) निरर्थक शब्द

**1. सार्थक शब्द :-** जिन शब्दों के अर्थ ग्रहण किए जाते हैं, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं।

जैसे :- सब्जी, दूध, रोटी, पानी, सामने, पता इत्यादि

**2. निरर्थक शब्द :-** जिन शब्दों के अर्थ ग्रहण नहीं किए जाते, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं। इन शब्दों का प्रयोग सदैव सार्थक शब्दों के साथ ही होता हैं और यह इनके साथ ही लग कर ये अपना अर्थ निकलवा लेते हैं।

जैसे :- अता, आमने, ताछ, वाय

# वाक्य

प्रश्न :वाक्य किसे कहते है ?

उत्तर : दो या दो से अधिक पदों के सार्थक समूह को, जिसका पूरा पूरा अर्थ निकलता है, वाक्य कहते हैं। उदाहरण के लिए 'सत्य की विजय होती है।

-निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१: बादल : आकाश पर कुछ-कुछ बादल थे।

२: निराश: मैं कुछ-कुछ निराश हो चली थी।"

**३: निठुरता : उसे अपने पुत्र की निठुरता का भेद कुछ - कुछ ज्ञात हो चला था |**

**४: बाघ : बाघ के आने से लोग डरे हुए थे |**

**५ : पेड़ पर बंदर कूद रहा है |**

## पाठ - 3 संज्ञा

- **संज्ञा किसे कहते हैं ?**

**उत्तर :** किसी व्यक्ति, वस्तु , स्थान, भाव आदि के नामों को 'संज्ञा' कहते हैं । जैसे- पत्थर, मनुष्य, मूर्खता, राम, सेना आदि।

**संज्ञा के मुख्यत: पांच भेद मुख्य होते हैं-**

**(i)** व्यक्तिवाचक संज्ञा
**(ii)** जातिवाचक संज्ञा
**(iii)** भाववाचक संज्ञा
**(iv)** द्रव्यवाचक संज्ञा
**(v)** समूहवाचक संज्ञा

**(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा -** मोहन, हिमालय, गंगा, लखनऊ आदि ।

**(ii) जातिवाचक संज्ञा -** लड़का, पहाड़, नदी, नगर आदि ।

**(iii) भाववाचक संज्ञा -** बचपन, सुन्दरता, प्रेम, योग्यता आदि ।

**(iv) द्रव्यवाचक संज्ञा -** सोना, चाँदी, लकड़ी, अन्न आदि ।

**(v) समूहवाचक संज्ञा -** सेना, पुलिस, मंत्रिमंडल, सभा आदि ।

# पाठ - 4 सर्वनाम

**प्रश्न : सर्वनाम किसे कहते है ?**

**उत्तर :** वाक्य में जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के बदले में होता है, उसे सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम शब्द का अर्थ है- सब का नाम।

संज्ञा जहाँ केवल उसी नाम का बोध कराती है, जिसका वह नाम है, वहाँ सर्वनाम से केवल एक के ही नाम का नहीं, सबके नाम का बोघ होता है।

जैसे : हम , मै , वह ,तुम,वे,कोई

| **सर्वनाम** | **वाक्य** |
|---|---|
| १: आप : | आप कहा गए थे ? |
| २ : सब : | सब खाना खा रहे है \| |
| ३ : कुछ : | कुछ पैसे दो \| |
| ४ : हम : | हम कल घूमने जाएंगे \| |
| ५ : कोई : | कोई आया है \| |

# पाठ - 5 एकवचन- बहुवचन, विलोम शब्द

- **वचन किसे कहते हैं ?**

**उत्तर :** एक या एक से अधिक वस्तुओं का बोध कराने वाले शब्दों को वचन कहते हैं।

- **वचन दो प्रकार के होते हैं –**

**1 . एकवचन**

**2 . बहुवचन**

**1 . एकवचन -** जिस शब्द से एक वस्तु का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे - लड़का, घोड़ा, नदी, किताब आदि।

**2 . बहुवचन -** जिस शब्द से एक से अधिक वस्तुओं का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - लड़के, घोड़े, नदियाँ, किताबें आदि।

| | | |
|---|---|---|
| कलम | - | कलमें |
| लड़का | - | लड़के |
| लड़की | - | लड़कियाँ |
| कली | - | कलियाँ |
| रिश्ता | - | रिश्ते |
| सखी | - | सखियाँ |
| प्याला | - | प्याले |
| लता | - | लताएँ |
| बहू | - | बहुएं |
| विधि | - | विधियाँ |
| झाड़ी | - | झाड़ियाँ |
| वधू | - | वधुएँ |
| गन्ना | - | गन्ने |
| कामना | - | कामनाए |
| मुर्गी | - | मुर्गियाँ |
| गली | - | गलियाँ |
| कुत्ता | - | कुत्ते |
| अबला | - | अबलाएँ |

# विलोम शब्द

➢ **विलोम शब्द किसे कहते हैं ?**

**उत्तर :** विलोम शब्द वह शब्द है जिसका अर्थ दिए हुए शब्द के एकदम उल्टा होता है जैसे - ' कोमल - कठोर ', ' एक - अनेक ' ।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अच्छाई | बुराई |
| अंदर | बाहर |
| आना | जाना |
| उचित | अनुचित |
| उदय | अस्त |
| एक | अनेक |
| कोमल | कठोर |
| गाँव | शहर |
| खरा | खोटा |
| छोटा | बड़ा |
| जन्म | मृत्यु |
| जय | पराजय |
| देश | विदेश |
| धनी | निर्धन |
| धूप | छाँव |

# पाठ - 6 लिंग, पर्यायवाची शब्द

- **लिंग किसे कहते हैं?**

**उत्तर :** संज्ञा शब्दों के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति होने का पता चलता है, उसे लिंग कहते है।

**जैसे**– हाथी – हथनी , माली – मालिन, कवि – कवियत्री , राजा – रानी

- **लिंग दो प्रकार के होते हैं। 1] पुल्लिंग 2] स्त्रीलिंग**

1] **पुल्लिंग-** शब्द का वह रूप जिससे पता लगाया जाता है कि वह पुरुष जाति का है, उन्हें पुल्लिंग कहा जाता है। जैसे बेटा, कुता, लड़का, घोड़ा भेंड आदि।

**उदाहरण**

- **सजीव** : बकरा, घोड़ा, लड़का, आदमी, शेर, हाथी, भेड़िया, खटमल, बन्दर, कुत्ता, बालक, शिशु, पत्रकार, राजा, राजकुमार आदि।
- **निर्जीव** : रुमाल, कपड़ा, रक्त, रबर, शहद, सोना, वसंत, लगान, फल, धन, पत्थर, नशा, नक्शा, पोषण, भाग्य, मटर, धंधा, दबाव आदि।

2] **स्त्रीलिंग -** शब्द का वह रूप जिससे पता लगाया जाता है कि वह स्त्री जाति है, उन्हें स्त्रीलिंग कहा जाता है। जैसे बेटी, पुत्री, शिक्षिका, गाय, मोरनी आदि।

**उदाहरण**

- **सजीव** : माता, लड़की, भेद, गाय, भैंस, बकरी, लोमड़ी, बंदरिया, मछली, बुढिया, शेरनी, नारी, रानी, राजकुमारी, बहन आदि।

- **निर्जीव** : धोती, टोपी, सड़क, सजा, भीड़, छत, किताब, ईंट, ईर्ष्या, मंजिल, परत, झोंपड़ी, गंगा, नदी, शाखा, कुर्सी आदि।

## लिंग बदलो

1. माता - पिता
2. गायक - गायिका
3. श्रीमान - श्रीमती
4. राजा - रानी
5. पुरुष - स्त्री
6. पति - पत्नी
7. नौकर - नौकरानी
8. शेर - शेरनी
9. भतीजा - भतीजी
10. भाई - बहन/भाभी

## पर्यायवाची शब्द

**पर्वत –** भूधर, अचल, गिरी, पहाड़, नग, शिखर|

**पुत्री –** बेटी, लड़की, आत्मजा, तनया, सुता तनुजा दोहिता नंदिनी|

**पृथ्वी –** धारा, भूमि, वसुंधरा, धरती, वसुधा, भू, मही, इला|

**रात–** रात्रि, निशा, रजनी, यामिनी, त्रियामा, शर्वरी|

**हवा–** पवन, अनिल, प्रभंजन, वायु, समीर, पवमान|

**शेर –** मृगराज, केसरी, केहरी, परशुराज, वनराज|

**हाथी–** गज, मातंग, कुंजर, करीश, सारंग, हस्ती|

**गणेश–** लंबोदर, विनायक, गणपति, एकदंत, गजानन, गणनायक, पार्वती नंदन|

**जल–** पानी, बारी, अंबु, सलिल, अमृत, सारंग|

**अग्नि –** आग, पावक, वहींन, शुची, हरि, ज्वालन|

# पाठ - 7 मुहावरे

- **मुहावरे की परिभाषा -** मुहावरा एक ऐसा वाक्य होता है जो वाक्य की रचना करने पर अपना एक अलग अर्थ या विशेष अर्थ प्रकट करता है इनका प्रयोग करने से भाषा,आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

**1] मुहावरा: आँख का तारा, आँख की पुतली** **अर्थ**: बहुत प्यारा
**वाक्य प्रयोग:** यह बच्चा मेरी आँखों का तारा है।

2] **मुहावरा -** खून का प्यासा **अर्थ** - जानी दुश्मन होना
**वाक्य प्रयोग -** उसकी क्या बात कर रहे हो, वह तो मेरे खून का प्यासा हो गया है।

**3] मुहावरा**:पासा पलटना **अर्थ**:स्थिति उलट जाना
**वाक्य प्रयोग:** क्या करें पास ही पलट गया। सोचा कुछ था हो कुछ गया।

4] **मुहावरा:** पीछा छुड़ाना **अर्थ** :जान छुड़ाना
**वाक्य प्रयोग** :बड़ी मुश्किल से मैं उससे पीछा छुड़ाकर आया हूँ।

5] **मुहावरा -** दीवारों के कान होना **अर्थ** - किसी गोपनीय बात के प्रकट हो जाने का खतरा
**वाक्य प्रयोग -** दीवारों के भी कान होते हैं। अतः तुम लोग बात करते समय सावधानी रखा करो।

6] **मुहावरा -** तिनके का सहारा **अर्थ** - थोड़ी-सी मदद
**वाक्य प्रयोग -** मैंने मोहित की जब सौ रुपए की मदद की तो उसने कहा कि डूबते को तिनके का सहारा बहुत होता है।

7] **मुहावरा -** डंका बजाना **अर्थ** - प्रभाव जमाना

**वाक्य प्रयोग -** आस्ट्रेलिया ने सब देशों की टीमों को हरा कर अपना डंका बजा दिया।

8] **मुहावरा -** टाँग अड़ाना **अर्थ** - अड़चन डालना

**वाक्य प्रयोग -** हर बात में टाँग ही अड़ाते हो या कुछ आता भी है तुम्हे ?

9] **मुहावरा -** जूते पड़ना **अर्थ** - बहुत निंदा होना

**वाक्य प्रयोग -** अभी आपको मेरी बात समझ में नहीं आ रही। जब जूते पड़ेंगे तब समझ में आएगी।

10] **मुहावरा -** छोटा मुँह बड़ी बात **अर्थ** - हैसियत से अधिक बात करना

**वाक्य प्रयोग -** अध्यापक ने विद्यार्थियों को समझाया कि हमें कभी छोटे मुँह बड़ी बात नहीं करनी चाहिए, वरना पछताना पड़ेगा।

11] **मुहावरा -** जख्म पर नमक छिड़कना **अर्थ** -दुःखी या परेशान को और परेशान करना

**वाक्य प्रयोग -** जब सोहन भिखारी को बुरा-भला कहने लगा तो मैंने कहा कि हमें किसी के जख्म पर नमक नहीं छिड़कना चाहिए।

12] **मुहावरा -** डंके की चोट पर **अर्थ** - खुल्लमखुल्ला

**वाक्य प्रयोग -** शेरसिंह जो भी काम करता है, डंके की चोट पर करता है।

13] **मुहावरा -** दिल बाग-बाग होना **अर्थ** - अत्यधिक हर्ष होना

**वाक्य प्रयोग -** वर्षों बाद बेटा घर आया तो माता-पिता का दिल बाग-बाग हो गया।

14] **मुहावरा -** प्राणों की बाजी लगाना **अर्थ** - जान की परवाह न करना

**वाक्य प्रयोग -** चिंता मत करो। प्राणों की बाजी लगाकर वह तुम्हारी रक्षा करेगा।

**15] मुहावरा -** घोड़े बेचकर सोना **अर्थ** - बेफिक्र होना

**वाक्य प्रयोग -** बेटी तो ब्याह दी। अब क्या, घोड़े बेचकर सोओ।